टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज
वर्ल्ड न्यूजलेटर
न्यू यरूशलेम
विश्वभर की चर्च
पादरी टोनी अलामो | दी अलामो क्रिश्चियन नेशन | वॉल्यूम 17600

# ऊपर स्वर्ग में आश्चर्य और नीचे जमीन पर निशान

**टोनी अलामो**




*टोनी और सुसान अलामो, आर्केस्ट्रा और कॉयर 1970 के दशक में और 80 के दशक के आरंभ में अपने टेलीविजन प्रोग्राम में भाग लेते हुए।*

लाखों लोगों ने यूएफओ (UFOs) को देखे जाने की सूचना दी है, जिन्हें उड़न तस्तरी भी कहा जाता है। इस बात से इनकार करने की कोई आवश्यकता नहीं कि यूएफओ मौजूद हैं क्योंकि वे मौजूद हैं।

यीशु के शिष्यों ने उनसे पूछा, "हमें बताएँ कि ये बातें कब घटित होंगी? आपके आने और दुनिया समाप्त होने के संकेत क्या होंगे? यीशु ने उत्तर दिया और उनसे कहा कि सावधान रहो ताकि कोई तुम्हें भरमाने न पाए। क्योंकि बहुत से ऐसे होंगे जो मेरे नाम से आकर कहेंगे, मैं यीशु हूँ;और बहुतों को भरमाएँगे। तुम लड़ाइयों और लड़ाइयों की चर्चा सुनोगे [वेबस्टर डिक्शनरी में कहा गया है कि लड़ाई का अर्थ है आंशिक रूप से घातक अर्थात् 'प्लेग नामक घातक महामारी बीमारी; जिसे नुकसानदायक माना जाता है; जिससे मृत्यु होने की संभावना रहती है; जो समाज के लिए खतरनाक है (युद्ध का जानलेवा खतरा)']: देखो घबराना मत क्योंकि ये चीजें अवश्य होंगी, परन्तु उस समय अंत नहीं होगा। क्योंकि जाति पर जाति और राज्य पर राज्य चढ़ाई करेगा, और जगह-जगह अकाल पड़ेंगे [लड़ाइयाँ, बीमारियाँ, अकाल, तूफान, बाढ़] और भूकम्प आएँगे। इन बातों से कष्टों की शुरुआत होगी।

"तब वे कष्ट दिलाने के लिए तुम्हें पकड़वाएँगे, तुम्हें मार डालेंगे: मेरे नाम के कारण सब जातियों के लोग तुमसे [आत्मा से पुनर्जन्मे ईसाई से] बैर रखेंगे। तब बहुत से लोग अपमानित होंगे और एक-दूसरे को पकड़वाएँगे, एक-दूसरे से बैर रखेंगे" (मत्ती 24:3-10)[1]। वेबस्टर डिक्शनरी के अनुसार "नफ़रत" का अर्थ है "किसी को बुरी तरह नापसंद करना, किसी से बचना [जैसे कि ईश्वर से नफ़रत करना, बाइबल से नफ़रत करना, ईसाइयों से नफ़रत करना]।"

प्रेरित पीटर दुनिया के अंत के बारे में जोएल की भविष्यवाणी यह कहते हुए दोहराते हैं, कि "ऊपर स्वर्ग में आश्चर्य और नीचे जमीन पर निशान"(प्रेरितों के काम 2:19)। क्या आप जानते थे कि आकाश की अवसंरचना बहुत अधिक बदल चुकी है? क्या आप यह भी जानते थे कि लोगों द्वारा देखे जा रहे यूएफओ अथवा उड़न तश्तरियाँ असल में पृथ्वी का सर्वेक्षण करने वाले स्वर्गदूत हैं जो पृथ्वी को नष्ट करने के लिए अपना कोप उस पर उड़ेलने से पहले पृथ्वी का सर्वेक्षण कर रही हैं? ईश्वर ने पृथ्वी के पापियों पर अपना कोप उड़ेलने के लिए हमेशा अपने स्वर्गदूत भेजे हैं।[2]

उत्पत्ति (जेनेसिस) 6:6-7 में कहा गया है कि "पृथ्वी पर मनुष्य को बना कर प्रभु पछताए और मन में बहुत दुःखी हुए। प्रभु ने कहा - मैं उस मनुष्य को पृथ्वी से नष्ट कर दूँगा जिसकी मैंने रचना की है; क्या मनुष्य, क्या जानवर, क्या रेंगने वाले जन्तु, क्या आकाश के पक्षी, सबको मिटा दूँगा क्योंकि मैं उनको बना कर पछता रहा हूँ।"

मत्ती (मेथ्यु) 24:37-39 में यीशु कहते हैं,"जैसे नोहा के दिन थे, वैसे ही मनुष्य के पुत्र का आना भी होगा। क्योंकि जैसे जल-प्रलय से पहले के दिनों में, नोहा के जहाज पर न चढ़ने तक और जब तक जल-प्रलय आकर उन सबको बहा न ले गया, तब तक उनको कुछ भी मालूम न पड़ा; वे लोग खाते-पीते थे और उनमें ब्याह शादी होती थी, वैसे ही मनुष्य के पुत्र का भी आना होगा।"

यदि नोहा के दिनों में मनुष्य को बना कर ईश्वर को इतना पश्चाताप हुआ कि

*(पृष्ठ 2 पर जारी)*

**1** मरकुस 13:12-13, लूका 12:51-53, युहन्ना 16:1-3 **2** उत्पत्ति 19:1, 13, 2 शमूएल 24:15-17, 24:15-16, 2 राजा 19:35, 2 इतिहास 32:21, भजन संहिता 78:49, मत्ती 13:41-42, प्रेरितों के काम 12:23, 2 थिस्सलुनीकियों 1:7-9, प्रकाशित वाक्य 7:1-2, 9:15, 15:1, अध्याय 16

## ऊपर स्वर्ग में आश्चर्य और नीचे जमीन पर निशान

*(पृष्ठ 1 से जारी)*

उन्होंने नोहा, उसकी पत्नी, उनके तीन बेटों और उनकी पत्नियों को छोड़कर अपने स्वर्गदूतों के माध्यम से पृथ्वी के प्रत्येक जीवित प्राणी को बाढ़ से नष्ट करा दिया, क्या आपको नहीं लगता कि जब ईश्वर को यह लगेगा कि दुनिया के लोग नोहा के समय से भी ज्यादा पापी हो गए हैं तो वह अपने स्वर्गदूत भेजकर उनको नष्ट करा देगा?

महिला स्वर्गदूत जैसी कोई चीज नहीं है। ईश्वर के सभी स्वर्गदूत पुरूष हैं। उड़न तश्तरियों के सभी पॉयलेट पुरूष हैं, जो पृथ्वी पर की जा रही बुरी चीजों का सर्वेक्षण कर रहे हैं और पृथ्वी पर जहाँ-तहाँ लोगों को उस विनाश के नमूने दिखा रहे हैं जो शीघ्र ही पूरी पृथ्वी पर आने वाला है।

सभी कालों में, ईश्वर ने पृथ्वी पर मनुष्यों में शैतान का काम करने वालों को नष्ट करने के लिए हमेशा अच्छे स्वर्गदूतों को इस्तेमाल किया, जैसाकि सदोम, गोमोरा, कई अन्य स्थानों को नष्ट करना जैसा कि धर्मग्रंथों में वर्णित है।[3] वर्तमान पृथ्वी के दूसरे और अंतिम विनाश के बारे में ईश्वर हमें प्रकाशित वाक्य (रीवीलेशन) में बताते हैं कि स्वर्गदूत पृथ्वी के पूरी तरह नष्ट हो जाने तक इस पर चौदह प्लेग उडेलेंगे।[4]

प्रकाशित वाक्य 8:2 से 9:21 तक में कहा गया है, "मैंने उन सातों स्वर्गदूतों को जो परमेश्वर के सामने खड़े हैं सात तुरहियाँ दी हैं। फिर एक और स्वर्गदूत सोने का धूपदान लिए हुए आया, और वेदी के निकट खड़ा हो गया, उसे सभी पवित्र लोगों की प्रार्थनाओं के साथ उस वेदी पर चढ़ाने के लिए जो सिंहासन के सामने है बहुत धूप दी गई। और उस धूप का धुआँ पवित्र लोगों की प्रार्थनाओं सहित स्वर्गदूत के हाथ से ईश्वर के सामने पहुँच गया। स्वर्गदूत ने धूपदान लिया और उस में वेदी की आग डाली और उसे पृथ्वी पर उड़ेल दिया: तब गर्जना होने लगी और बिजली कड़कने लगी तथा भूकम्प आ गए। वे सातों स्वर्गदूत जिनके पास सात तुरहियाँ थी, उन्हें बजाने के लिए तैयार हो गए।

"पहले स्वर्गदूत ने तुरही बजाई, उसके बाद लहू से लथपथ ओले और आग घटित हुई और पृथ्वी पर डाली गई: पृथ्वी के एक-तिहाई पेड़ जल गए और सब हरी घास भी जल गई। फिर दूसरे स्वर्गदूत ने तुरही बजाई तो ऐसा लगा मानो कि आग से जलता हुआ एक बड़ा पहाड़ समुद्र में डाला गया हो; समुद्र में पानी का एक-तिहाई भाग लहू बन गया; समुद्र की एक-तिहाई वस्तुएँ जो सजीव थीं, मर गईं; और एक-तिहाई जहाज नष्ट हो गए।

"फिर तीसरे स्वर्गदूत ने तुरही बजाई, एक बड़ा तारा जो चिराग की तरह जल रहा था, स्वर्ग से गिरा और नदियों [इससे पहले, ईश्वर की वायु सेना, उड़न तश्तरियाँ, जिन्हें आमतौर पर यूएफओ कहा जाता है, इस पृथ्वी पर हो रहे सभी भ्रष्टाचार को देख रहीं थी और घृणित, नीच मानवता पर ईश्वर का कोप उड़ेलकर प्रसन्न हो रहीं थी] तथा पानी के झरनों के एक-तिहाई भाग पर गिरा; उस तारे को नागदौन कहते हैं; उसका एक-तिहाई पानी कड़वा हो गया था; और बहुत से मनुष्य उस पानी के कड़वे हो जाने से मर गए। फिर चौथे स्वर्गदूत ने तुरही बजाई, और सूर्य के एक-तिहाई, चाँद के एक-तिहाई और तारों के एक-तिहाई भाग पर आपत्ति आ गई; यहाँ तक कि उनके एक-तिहाई भाग में अंधेरा हो गया और एक-तिहाई में दिन का उजाला न रहा, और रात भी वैसी ही हो गई।

"और जब मैंने फिर से देखा तो आकाश के बीच में एक स्वर्गदूत दिखाई दिया और उसे यह कहते सुना कि उन तीन स्वर्गदूतों की तुरही की ध्वनि के कारण जिनका बजना अभी बाकी है, पृथ्वी पर रहने वालों के लिए हाय, हाय, हाय! [ये धर्मग्रंथ हमें बताते हैं कि स्वर्गदूत - विनाश संबंधी ईश्वर के स्वर्गदूत - बहुत अच्छी तरह से जानते हैं कि भविष्य में क्या होने वाला है। यह बहुत ही बुरा है कि पृथ्वी के लोगों, दुष्ट लोगों, को एहसास नहीं हैं कि क्या होने जा रहा है!]।

"और जब पाँचवें स्वर्गदूत ने तुरही बजाई तो मैंने स्वर्ग से पृथ्वी पर गिरता एक तारा देखा: उसे अथाह गड्ढे की चाबी दी गई थी। उसने उस अथाह गड्ढे को खोला; और गड्ढे में से बड़ी भट्टी का सा धुँआ उठा, गड्ढे के धुँए से सूर्य और वायु अंधकारमय हो गए। उस धुँए में से पृथ्वी पर टिड्डियाँ निकलीं और उन्हें पृथ्वी के बिच्छुओं जैसी शक्ति दी गई थी। उनसे कहा गया कि न पृथ्वी की घास को, न किसी हरियाली को, न किसी पेड़ को हानि पहुँचाओ; केवल उन मनुष्यों को हानि पहुँचाओ जिनके माथे पर ईश्वर की मुहर नहीं लगी हो। [क्या यह अजीब नहीं है कि लोग कहते हैं कि ईश्वर ओल्ड टेस्टामेंट में नए टेस्टामेंट की अपेक्षा अधिक कुपित है? क्या ऐसा नहीं दिखाई देता कि यहाँ यह है?] उन्हें लोगों को मार डालने का नहीं लेकिन पाँच महीने तक पीड़ा देने का अधिकार दिया गया: उनकी पीड़ा वैसी ही थी जैसी बिच्छू के डंक मारने से मनुष्य को होती है। उन दिनों मनुष्य मृत्यु ढूँढेंगे, लेकिन वह उन्हें नहीं मिलेगी; वे मरने की लालसा करेंगे और मृत्यु उनसे दूर भागेगी। [ओल्ड टेस्टामेंट में, दण्ड कभी भी इतने अधिक भीषण तरीके से नहीं दिया जाता था। जरा सोचें - आप न तो इसके पक्ष में वोट दे सकते हैं और न

---

**3** उत्पत्ति 19:12-25 **4** प्रकाशित वाक्य 8:7-13, 9:1-19, 11:19, 14:15-20, 15:1, 5-8, 16:1-12, 17-21

## जिम्बाब्वे

प्रिय महोदय,

प्रोग्राम `रेडियो अफ्रीका टू` मेरे समुदाय के अनेक लोगों के लिए नई आशा लेकर आया है। जब मैंने पहली बार इसे सुना तो मैं इससे प्रभावित हुआ और मैंने अपने परिवार को भी इसे सुनने के लिए कहा। तब से हमारा जीवन ही बदल गया है। पूरे अफ्रीका में गोस्पल का प्रचार करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

ईश्वर आपको बहुत सारा आशीर्वाद प्रदान करें।

कृपया मुझे आप मुझे धार्मिक सामग्री भेजें। वे मेरे आध्यात्मिक जीवन को ऊँचा उठा देंगी।

सधन्यवाद आपका,
विंस्टन तंबावाड्र                                   बुलावायो, जिम्बाब्वे

ही इसके विरुद्ध, क्योंकि ईश्वर महान तानाशाह है, वह हमेशा अपने पद पर बना रहेगा, चाहे दुनिया के लोग उसे पसंद करें या न करें। कोई राजनीतिक यर्थाथता नहीं है और कोई जनतंत्र नहीं है - केवल धर्मतंत्र है!] टिड्डियों का आकार लड़ाई के लिए तैयार किए हुए घोड़ों के समान था; उनके सिरों पर मानो सोने के मुकुट थे; उनके मुँह मनुष्यों के समान थे। उनके बाल स्त्रियों के बालों जैसे और दाँत सिंहों के दाँतों जैसे थे। वे लोहे जैसे कवच पहने थे; उनके पंखों की आवाज ऐसी थी मानों रथों और लड़ाई में दौड़ते बहुत सारे घोड़ों की आवाज हो। उनकी पूँछ बिच्छुओं की पूँछ जैसी थी, और उनमें डंक थे: और उनके पास पाँच महीनों तक मनुष्यों को कष्ट पहुँचाने की जो सामर्थ्य थी वह उनकी पूँछों में थी। उनका एक राजा था, जो अथाह गड्ढे का स्वर्गदूत था, जिसका नाम हिब्रू भाषा में अबद्दोन और यूनानी भाषा में अपुल्लयोन है।

## मिजूरी

प्रिय भाइयों और बहनों,

हमारे प्रभु की ओर से आपको शुभकामनाएँ। मैं प्रार्थना करता हूँ कि आप सब अच्छी तरह से रहें। मैं अपने प्रभु के हाथों में सुरक्षित हूँ।

साहित्य भेजने के लिए आपका धन्यवाद। पादरी अलामो की टेस्टमोनी “ड्राई बोन्स” अद्भुत है। यह जानना कि वे समृद्धि और प्रसिद्धि का जीवन छोड़कर वे जीवित ईश्वर की सेवा करते हैं, उल्लेखनीय है। यदि उनके जैसे और लोग भी होते, तो हमारा देश बहुत बेहतर स्थिति में होता।

पास्टर अलामोसचमुच एक महान देशभक्त है। मैं उनके बारे में और अधिक जानना चाहता हूँ। आप द्वारा पास्टर अलामो के बारे में कोई भी साहित्य भेजे जाने पर मैं आपका आभारी रहूँगा।

आप जो कुछ करते हैं उसके लिए आपका धन्यवाद।

क्राइस्ट जीसस में,

रिचर्ड बाउंड्स बोन टेरे, एमओ




“पहला संताप बीत चुका है; और, देखो इसके बाद दो संताप अभी और आने हैं। छठे स्वर्गदूत ने तुरही बजाई। मैने सोने की वेदी जो कि ईश्वर के सामने है, के चार सींगों से एक आवाज सुनी मानों कोई उस छठे स्वर्गदूत, जिसके पास तुरही है, से कह रहा हो कि उन चार स्वर्गदूतों को खोल दे जो बड़ी नदी उफ़रात के पास बँधे हैं। वे चारों दूत खोल दिए गए जो उस घंटे, उस दिन, उस महीने और उस वर्ष के लिए मनुष्यों की एक-तिहाई संख्या को मार डालने के लिए तैयार किए गए थे। घुड़सवारों की सेना की संख्या दो करोड़ [दो सौ मिलियन] थी: और मैंने उनकी गिनती सुनी। तब मुझे उस झलक में घोड़े और उन पर ऐसे सवार दिखाई दिए जिनके कवच आग और गुलाबी तुरसावा और गंधक जैसे थे: घोड़ों के सिर सिंहों के सिरों जैसे थे; उनके मुँह से आग, धुँआ, और गंधक बाहर निकल रहा था। इन तीनों विपत्तियों, अर्थात् आग, धुएँ और गंधक ने मनुष्यों की एक-तिहाई संख्या को मार डाला [यदि उस समय पृथ्वी पर सात बिलियन लोग होते तो उनमें से एक-तिहाई प्लेग से मारे जाते, यह अब तक एक बार में पृथ्वी पर मारे गए लोगों की सबसे अधिक संख्या होती। फिर भी, हमें नहीं मालूम की नोहा के समय में बाढ़ से कितने लोग मारे गए, यद्यपि हम जानते हैं कि नोहा और उसके परिवार की आठ आत्माओं को छोड़कर सब डूब गए थे[5]]। क्योंकि उनकी शक्ति उनके मुँह और उनकी पूँछों में है: क्योंकि उनकी पूँछे साँपों जैसी थी, और उनके सिर थे जिससे वे पीड़ा पहुँचाते थे। शेष मनुष्य जो इन विपत्तियों से नहीं मरे थे, उन्होंने अपने हाथों सेकिए गए कर्मों - दुष्टात्माओं की, सोने और चाँदी की, पीतल और पत्थर और काठ की मूर्तियों की पूजा न करना, जो न देख सकती हैं, न सुन सकती हैं और न ही चल सकती हैं: और खून [गर्भपात], टोना और व्याभिचार और चोरियाँ जो उन्होंने की थीं - के बारे में प्रायश्चित्त नहीं किया।”

प्रकाशित वाक्य 11:14-19: “दूसरा संताप बीत चुका है; और देखो, तीसरा संताप शीघ्र आ रहा है। सातवें स्वर्गदूत ने तुरही बजाई; स्वर्ग से इस विषय में जोर-जोर से आवाजें आने लगीं कि विश्व का राज्य अब हमारे प्रभु और उसके मसीह का हो गया है; वह युगों-युगों तक राज्य करेगा। चौबीस बुर्जुग जो ईश्वर के सामने अपने-अपने आसन पर बैठे थे अपने मुँह के बल गिरकर यह कहते हुए ईश्वर की पूजा करने लगे कि हे सर्वशक्तिमान प्रभु ईश्वर जो कि है और जो कि था, और जो आने वाला है, हम तेरा धन्यवाद करते हैं क्योंकि तूने अपनी बड़ी सामर्थ्य का प्रयोग करके राज्य को लिया है और शासन किया है। और देश क्रोधित थे, तेरा प्रकोप आ रहा है और समय आ गया है, मृतकों का न्याय किया जाए, और आपको अपने दासों भविष्यवक्ताओं और पवित्र लोगों को और उन छोटों बड़ों को जो तेरे नाम से डरते हैं, को पुरस्कार देना चाहिए, और पृथ्वी को नष्ट करने वालों को नष्ट किया जाए। परमेश्वर का मंदिर जो कि स्वर्ग में है, खोला गया, उसके मंदिर में उस की वाचा का संदूक दिखाई दिया, बिजलियाँ कड़कने लगीं और आवाजें आने लगी, गर्जना होने लगी तथा भूकंप आ गया और बड़ी ओलावृष्टि होनी लगी।”

इस समय ईश्वर की वायु सेना, उड़न तस्तरियाँ, यूएफओ ईश्वर के अंतिम निर्णय की तैयारी में पृथ्वी का सर्वेक्षण कर रहे हैं। आपको हँसी आ सकती हैं लेकिन वास्तव में उड़न तश्तरियों का संचालन स्वर्गदूतों द्वारा किया जाता है। इन्हें लाखों लोगों ने देखा है, ये किसी दूसरे ग्रह से नहीं आती हैं।

जब भी ईश्वर कुछ करता है तो शैतान ऐसा करने का प्रयास करता है कि वह भी उसकी नकल कर सकता है। हालाँकि, शैतान उसकी नकल नहीं कर सकता। शैतान यूएफओ की झूठी झलक भेजता है, उनका संचालन करने वाले असुरों को छोटे-छोटे, विकृत मनुष्यों, जिनके सिर बड़े और विकृत होते हैं, जैसा दिखाई देने वाला बनाता है। यह नकल आपसे इस तथ्य का उपहास उड़वाने के लिए की जाती है कि ईश्वर उस पूरी जनसंख्या जो ईश्वर का विरोध करती है और ईश्वर की सरकार से नफ़रत करती है, जो कि एक-दुनिया सरकार, यू.एन, नई विश्व व्यवस्था नहीं है, के साथ स्वर्गदूतों द्वारा पृथ्वी को नष्ट किए जाने से ठीक पहले उस क्षेत्र में अपनी अलौकिक वायुसेना

*(पृष्ठ 4 पर जारी)*

**5** उत्पत्ति 7:11-23, 1 पतरस 3:20 **6** दानिय्येल 2:40, 7:19-25, 12:1, प्रकाशित वाक्य 13:2-8, 14:8, 16:13-14, 19-20, 17:1-9, 18:2-24 **7** प्रकाशित वाक्य 13:1-12, 17:1-9

## ऊपर स्वर्ग में आश्चर्य और नीचे जमीन पर निशान

*(पृष्ठ 3 से जारी )*

को भेज रहा है। यह नई विश्व व्यवस्था शैतान की सरकार है। यह रोम में नकली पैगम्बर द्वारा शासित जंगली जानवर है और इसका नेतृत्व शैतान की आत्मा द्वारा किया जा रहा है।[6] वेटिकन शैतान की सीट है।[7] ईश्वर ने कभी भी किसी दूसरे गृह पर मनुष्य अथवा अन्य प्राणियों की रचना नहीं की है। ऐसा सोचने वाले लोग मूर्ख हैं!

प्रकाशितवाक्य 15:5 से लेकर 16:21 तक में कहा गया है,"इसके बाद मैंने देखा कि स्वर्ग में साक्षी के तम्बू का मंदिर खोला गया: वे सातों स्वर्गदूत जिनके पास सातों विपत्तियाँ [अंतिम] थीं,शुद्ध और चमकते हुए सफेद कपड़े पहने हुए, छाती पर सुनहरे पटके [बेल्ट] बाँधे हुए मंदिर से निकले। उन चारों [स्वर्ग से आए] प्राणियों में से एक ने उन सात स्वर्गदूतों को परमेश्वर के, जो युगों-युगों जीता है, प्रकोप से भरे सात सोने के कटोरे दिए। ईश्वर की महिमा से, उसकी शक्ति के कारण मंदिर धुँए से भर गया और जब तक उन सातों स्वर्गदूतों की सातों विपत्तियाँ [अंतिम] समाप्त न हुई तब तक कोई मंदिर में न जा सका। फिर मैंने मंदिर में से एक ऊँची आवाज को सुना जो उन सातों स्वर्गदूतों से कह रही थी कि जाओ, ईश्वर के प्रकोप के सातों कटोरों को पृथ्वी पर उड़ेल दो। इस प्रकार पहले ने जाकर पृथ्वी पर कटोरा उड़ेल दिया; उन मनुष्यों को जिन पर जंगली जानवर की छाप थी, जो उसकी छवियों की पूजा करते थे, एक प्रकार का बुरा और दुःखदाई फोड़ा निकला।

"और दूसरे ने अपना कटोरा समुद्र में उड़ेल दिया; वह मरे हुए व्यक्ति के लहू जैसा बन गया: समुद्र का प्रत्येक जीव इससे मर गया। तीसरे ने अपना कटोरा नदियों और पानी के झरनों पर उड़ेल दिया; वे लहू के बन गए। मैंने पानी के स्वर्गदूत को यह कहते सुना, कि हे पवित्र प्रभु, जो कि है, और था और रहेगा, तू न्याय करने वाला है, तूने ही यह न्याय किया है। क्योंकि उन्होंने संतों और पैगम्बरों का लहू बहाया था, तूने ही उन्हें पीने के लिए लहू दिया; क्योंकि वे इसी योग्य हैं। फिर मैंने वेदी से यह शब्द सुना कि हाँ हे सर्वशक्तिमान प्रभु तेरे निर्णय ठीक और सच्चे हैं। चौथे ने अपना कटोरा सूर्य पर उड़ेल दिया, उसे मनुष्यों को आग से झुलसा देने का अधिकार दिया गया था। मनुष्य तेज तपन से झुलस गए, उस परमेश्वर के नाम की निंदा की जिसका इन विपत्तियों पर अधिकार है और उस की महिमा करने के लिए पश्चाताप नहीं किया। पाँचवें ने अपना कटोरा उस जंगली जानवर के सिंहासन [रोम के वेटिकन] पर उड़ेल दिया और उसके राज्य पर अंधेरा छा गया; लोग पीड़ा के मारे अपनी-अपनी जीभ चबाने लगे, अपनी पीड़ाओं और फोड़ों के कारण स्वर्ग के ईश्वर की निंदा की, और अपने कर्मों के लिए पश्चाताप किया [जैसाकि आज भी होता है]। छठवें ने अपना कटोरा बड़ी नदी उफ़रात पर उड़ेल दिया और उस नदी का पानी सूख गया ताकि पूर्व दिशा के राजाओं के लिए मार्ग तैयार हो जाए। मैंने उस अजगर [शैतान] के मुँह से, उस जंगली जानवर [ईसा-मसीह विरोधी, एक-दुनिया सरकार, यू.एन., रोम में नई विश्व व्यवस्था मुख्यालय, जो कि वेटिकन है] के मुँह से और उस झूठे भविष्यवक्ता [वेटिकन, रोमन कैथोलिक संप्रदाय] के मुँह से तीन अशुद्ध आत्माओं को मेंढ़कों के रूप में निकलते देखा। यही शैतान की आत्मा है, चमत्कार करने वाली जो पृथ्वी के राजाओं और समस्त संसार के पास जाती है ताकि उन्हें सर्वशक्तिमान ईश्वर की उस बड़े दिन की लड़ाई के लिए इकट्ठा किया जा सके।

"देखो, मैं चोर की तरह आता हूँ। वह धन्य है जो जागता रहता है, अपने वस्त्रों [अपने मोक्ष[8]] की रखवाली करता है ताकि वह नंगा न घूमे और लोग उसकी शर्मिंदगी न देखें। उन्होंने उनको उस जगह एकट्ठा किया जो हिब्रू में अरमगिदोन कहलाता है। सातवें ने अपना कटोरा हवा पर उड़ेल दिया, मंदिर के सिंहासन से यह बड़ा शब्द निकला कि यह हो चुका है। फिर बिजलियाँ, आवाजें, और गर्जना हुई और एक बहुत बड़ा भूकम्प आया जैसाकि जब से मनुष्य की उत्पत्ति पृथ्वी पर हुई, तब से ऐसा बड़ा भूकम्प कभी नहीं आया था। उस बड़े नगर के तीन टुकड़े हो गए,राष्ट्रों के नगर ढह गए: ईश्वर ने बड़े बेबीलोन का स्मरण किया, ताकि वह अपने क्रोध की प्रचंडता की मदिरा उसे पिलाए। प्रत्येक टापू अपने स्थान से दूर हो गया, पहाड़ों का पता न चला। आकाश से मनुष्यों पर एक-एक मन के ओले गिरे: चूँकि यह विपत्ति बहुत ही भारी थी, लोगों ने ओलों की विपत्ति के कारण ईश्वर की निंदा की" (प्रकाशितवाक्य 16:14-21)।

ईसाई राज्य और व्यापक तौर पर दुनिया की जनसंख्या को अदृश्य राज्य, स्वर्गदूतों के राज्य के बारे में जानने की आवश्यकता है। अच्छे स्वर्गदूत हैं

**8** मत्ती 8:10-12, 13:37-43, 47-50, 22:8-14, 24:42-51, 25:1-13, लूका 9:23-26, 62, 12:35-48, 14:15-35, रोमियों 8:35-39, 2 कुरिन्थियों 5:1-4, प्रकाशित वाक्य 3:1-3, 8-22

## टोगो

*फ्रांसीसी से अनुवादित*

टोनी अलामो क्रिस्चन मिनिस्ट्री के प्रिय पादरियों को नमस्कार।

मुझे हाल ही में 23 फरवरी, 2013 को एक पैकेज मिला। इस पैकेज में तीन फ्रेंच बाइबल, पाँच मसीहा पुस्तकें, दो टी शर्ट, और साहित्य की हजारों प्रतियाँ हैं। हम इस सामग्री को जल्द ही इनके सही स्थान पर पहुँचाने का कार्य करेंगे।

टोगो में मेरे सहकर्मी आत्माओं के मोक्ष के लिए किए जा रहे आपके कार्य हेतु अपनी शुभकामनाएँ भेज रहे हैं। हमारे प्रभु यीशु की ओर से सभी को शुभकामनाएँ। आमीन!

यहाँ टोगो में हमारी जरूरतें बहुत हैं। यदि संभव हो तो हमें और अधिक मात्रा में गोस्पल साहित्य भेजते रहें, जैसे फ्रेंच बाइबल, बड़े-बड़े पैकेजों में काफी अधिक मात्रा में साहित्य। टोगो में अलामो पादरियों द्वारा किए जाने वाले गोस्पल कार्यों के बारे में पढ़ने के लिए लोगों को काफी अधिक साहित्य की आवश्यकता है। कई पाठक इस छोटी सी किताब मसीहा की वजह से यीशु को अपना जीवन सौंप रहे हैं।

स्नेहपूर्वक आपका,
अचो कोको
टोगो की टोने अलामो मिनिस्ट्री।

और बुरे स्वर्गदूत भी हैं। अच्छे स्वर्गदूत ईश्वर के स्वर्गदूत हैं और उन्हें "पहरेदार" कहा जाता है। ये आपकी और मेरी हर गतिविधि पर नजर रखते हैं, ये आप और मुझ द्वारा कहा जाने वाला प्रत्येक शब्द सुनते हैं।

उत्पत्ति में, पैट्रिआर्क इब्राहीम ने अपने बेटे इसहाक के लिए पत्नी ढूँढ़ने हेतु अपने सेवकों को इब्राहीम के देश, मेसोपोटामिया जाने का निर्देश दिया। उसने अपने सेवकों से कहा, "स्वर्ग का प्रभु ईश्वर जिसने मुझे मेरे पिता के घर से और मेरी जन्मभूमि से ले आकर मुझ से शपथ खाकर कहा था कि मैं यह देश तेरे वंश को दूँगा; वही अपना दूत [अपने दर्शक] तेरे आगे-आगे भेजेगा" (उत्पत्ति 24:7)। और उसने अपने स्वर्गदूत को उसके सेवक से पहले भेजा, और सेवक को बतूएल की बेटी रिबका मिली, जाशेर की पुस्तक के अध्याय 24, छंद 40 के अनुसार वह दस वर्ष की थी। जाशेर की पुस्तक के अध्याय 24, छंद 45 के अनुसार इसहाक 40 वर्ष का था। इसे उत्पत्ति 25:20 में भी सत्यापित किया गया है। रिबका ने इसहाक के बेटे इसराइल को जन्म दिया। उसने एसाव और याकूब को जन्म दिया। जब महनैम में याकूब ने मल्लयुद्ध में ईश्वर को हराया तो ईश्वर ने उसका नाम बदल कर इसराइल रख दिया (उत्पत्ति 32:24-28)।

यह ईश्वर का स्वर्गदूत था जो आगे-आगे चला और जिसने इस्राइल देश को लाल सागर के पार शुष्क भूमि पर लाने के लिए नेतृत्व किया, और इस घटना से पहले, इस्राइल देश के पीछे चला और इस प्रकार वह मिस्र की सेना और इस्राइल की सेना के बीच आ गया (निर्गमन 14:15-20)।

उत्पत्ति 19:1 में कहा गया है, "साँझ को वे दो दूत सदोम के पास आए।" उत्पत्ति 19:12-13 में उन दो मनुष्यों (दूतों) ने लोट को कहा, "यहाँ तेरे और कौन-कौन [रिश्तेदार] हैं? दामाद, बेटे, बेटियाँ और नगर में तेरा जो कोई भी हो, उन सभी को लेकर इस स्थान से निकल जा: क्योंकि हम [स्वर्गदूत] इस स्थान का नाश करने वाले हैं, क्योंकि उसकी चिल्लाहट प्रभु के सम्मुख बढ़ गई है; प्रभु ने हमें इसका नाश करने के लिए भेजा है।"

केवल दो ही स्वर्गदूत थे जिन्होंने सादोम और अमोरा नगर और इसके आसपास के नगरों का नाश किया (उत्पत्ति 19:12-29)। और एक ही स्वर्गदूत ने सन्हेरीब की सेना के सभी सैनिकों को मार दिया था। जब सन्हेरीब ने अपनी सेना की ताकत के बारे में इसराइल के सामने डींग हाँकी तो 2 राजा 19:35 में कहा गया है, "उसी रात में क्या हुआ कि प्रभु के दूत [एक दूत] ने निकलकर अश्शूरियों की छावनी में एक लाख पचासी हजार [185,000] पुरुषों को मार दिया और भोर में जब लोग सबेरे उठे तो उन्होंने लाशें पड़ी हुई देखी।"


एक स्वर्गदूत ने मिस्र की पूरी सेना को नष्ट कर दिया और एक स्वर्गदूत ने सन्हेरीब की पूरी सेना को नष्ट कर दिया। सात स्वर्गदूत पूरी पृथ्वी को नष्ट कर देंगे। सैकड़ों यूएफओ को देखे जाने से, उड़न तश्तरियों को ईश्वर के दूतों द्वारा संचालित किए जाने से, लोगों को कितना और भयभती होना चाहिए, जो कि इस समय चेतावनी संकेतों की तरह हैं, और पृथ्वी पर कई स्थानों को नष्ट कर रही हैं जैसे न्यूयॉर्क; न्यू जर्सी; न्यू ऑरलियन्स, लुइसियाना; जोप्लिन, मिसौरी; हैती; इंडोनेशिया; और जापान? वे दुनियाभर में सैकड़ों अन्य स्थान भी नष्ट कर रही हैं। ईश्वर, शहरों और लोगों को नष्ट करने के लिए दुनियाभर में स्वर्गदूत भेज रहा है।

मत्ती 24:21-22 में कहा गया है, "क्योंकि उस समय ऐसा भारी क्लेश होगा, जैसा जगत के आरम्भ से अब तक न हुआ, और न कभी होगा। और यदि वे दिन घटाए न जाते तो कोई लोग नहीं बचते: लेकिन चुने हुए लोगों के कारण वे दिन घटाए जाएँगे।"

यह अब दुनिया का अंत है। अन्य लोगों ने कहा कि यह दुनिया का अंत है और उन्होंने दुनिया के अंत की तारीख इस प्रकार बता दी मानो कि वे ठीक-ठीक जानते हों कि ईश्वर ने दुनिया का अंत करने के लिए किस तारीख को चुना है। मैं ऐसा नहीं बता सकता, लेकिन मैं आपको यह बताना चाहता हूँ कि यह दुनिया का अंत है। क्या आपको नहीं लगता कि यह आप द्वारा अपने पापों का रायश्चित करने और ईश्वर की आत्मा से पुनर्जन्म लेने का सही समय है ताकि आप स्वर्ग के राज्य में हमेशा के लिए

(पृष्ठ 8 पर जारी)

## लचलान जॉनसन की गवाही (टेस्टीमनी)



*बंधु लचलान जॉनसन*

मेरा जन्म और पालन-पोषण ऑस्ट्रेलिया में हुआ था, और मेरे माता-पिता धार्मिक नहीं थे, वे निश्चित रूप से ईसाई भी नहीं थे। मुझे ईसाई धर्म के बारे में कभी कोई मार्गदर्शन प्राप्त नहीं हुआ। मैं यह कहना चाहूँगा कि मैं काफी अधिक भाग्यशाली था क्योंकि मेरा जन्म समयपूर्व हुआ। मैं भाग्यशाली हूँ कि मैं जिंदा हूँ। मुझे सेरेब्रल पाल्सी और मस्क्युलर डिस्ट्रफी (मांसपेशी दुर्विकास) की हल्की सी समस्या थी।

मैं, काफी छोटा था और अपने एक मित्र के घर पर था। यह काफी चमकीला था, लेकिन इसके बारे में मुझे पूरी तरह याद तब ही आएगी जब मैं स्वर्ग में अपने बड़े घर जाऊँगा.... मेरे दोस्त के पास कार्टून तस्वीरों के रूप में एक बाल बाइबल पुस्तक थी। इसमें मेरे जैसा एक छोटा सा बच्चा था जिसे एक कार ने टक्कर मार दी थी। वह अपनी बाइक चला रहा था और मुझे मालूम नहीं कि प्रभु उसे ठीक करेंगे या नहीं, लेकिन प्रभु यीशु का चित्र ऊपर कोने में बना हुआ था। जैसा कि मैंने कहा, यह बहुत चमकीला था और प्रभु ने मुझे प्रभावित किया कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। यदि बच्चा ठीक हो गया तो यह बहुत अच्छी बात है अथवा यदि उसकी मौत हो गई तो वह स्वर्ग में जाएगा। दोनों ही स्थितियों में फायदा था। उस समय, प्रभु ने मेरी समझ खोली कि वह ही रास्ता, सत्य और जीवन है। हालाँकि मेरे पास पुनर्जन्म का अनुभव नहीं था तब भी मैंने सोचा और कहा कि मैं एक ईसाई हूँ।

मेरे माता-पिता ने एक नए राज्य में जाने का निर्णय लिया, जहाँ मेरे पिता का जन्म हुआ था। उसके कुछ ही समय

*(पृष्ठ 6 पर जारी)*

# लचलान जॉनसन की गवाही (टेस्टीमनी)

*(पृष्ठ 5 से जारी )*

बाद मेरे माता-पिता ने तलाक ले लिया। मेरे पिता ने निर्णय लिया कि मेरी माता द्वारा मेरा पालन-पोषण किया जाना मेरे लिए अच्छा माहौल होगा इसलिए उन्होंने मुझे आवासीय स्कूल में प्रवेश दिला दिया। मुझे मेरी माता से दूर कर दिया जाना और मिलिट्री जैसे स्कूल में पालन-पोषण के लिए डाल दिया जाना मेरे लिए बहुत मुश्किल भरा था। यह स्कूल अमीर लोगों के लिए एक प्राइवेट स्कूल था। मेरी माँने सोचा कि यह मेरे लिए अच्छा होगा, इसलिए मैं वहाँ रहा।

मैं यह कहता फिरता था कि मैं एक ईसाई हूँ, और भले ही मैं कोई पापी की प्रार्थना सुनाता था तो भी ऐसा कोई नहीं था जो रक्षित होने में मेरी मदद करता। वे बाइबल का किंग जेम्स संसकरण पढ़ते थे और भजन संहिता गाते थे (उन्हें संगीत के साथ गाया जाता था)। लेकिन मैं उन लोगों से भी अधिक बुरे पाप कर रहा था जिन लोगों ने कभी यह स्वीकार नहीं किया कि वे ईसाई हैं। कोई भी प्राणी दुबारा नहीं जन्मा, ईश्वर की पवित्र आत्मा द्वारा नेतृत्व नहीं किया गया। यह एक संगठित धर्म था। कोई भी छात्र जो कहता था कि वह ईसाई हे - यह जीवन को बदल देने वाले अनुभव की बजाए केवल फैशन के प्रकार का अनुभव था।

अत: मैंने स्कूल छोड़ दिया। स्कूल के मेरे कुछ दोस्त आस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी विकसित होती चर्चों में से एक चर्च में जाते थे, लेकिन यह सबसे बड़ी चर्चों में से एक चर्च थी, क्योंकि यह चर्च यह उपदेश नहीं देती थी कि आपको ईश्वर से डरना है और उसके धर्मादेशों का पालन करना है। वहाँ पर "ईसाई" बास्केटबाल थी, "ईसाई" सर्फबोर्डिंग थी, और युवा समूह था। इस प्रकार मैं चर्च जा रहा था, लेकिन कई गलत कारणों से शेष सप्ताह के दौरान मेरी जो इच्छा करती मैं वह करता था। वे पाप की गंभीरता के बारे में प्रवचन नहीं देते थे। उन्होंने कभी भी इस बात पर बल नहीं दिया कि आपको प्रथक्कृत और पवित्र व्यक्ति बनकर दुनिया से अलग-थलग रहना है। साक्ष्य के चर्च का विचार था कि आपको अपने करियर में अथवा कार्य में सफल होना है और उसके बाद जब आप दे सकें तभी साक्ष्य दें।

मैं गलत भीड़ में शामिल हो गया और चर्च के इस समूह के लोगों ने निर्णय लिया कि पूरे जीवन काम करते रहने का कोई फायदा नहीं था; इसलिए अब मौज करो। इसलिए मैंने कोई रोजगार नहीं किया। मेरे माता-पिता निराश हो गए। ऐसा करने के कुछ समय बाद, मैंने बदलाव के लिए युनाइटेड स्टेटस ओफ अमेरिका आने का निर्णय लिया। यह वर्ष 1986 में क्रिसमस का समय था। मैं यहाँ आ गया और इधर-उधर घूमता रहा। मैं धर्म से गिर गया था और सभी प्रकार के पापों में लिप्त हो रहा था, लेकिन मैं अभी भी कहता था कि मैं एक ईसाई हूँ। ऐसा ३ महीनों तक चलता रहा।

मैं मियामी में था जहाँ पास्टर अलामो का चर्च है। मैं हाथ में बीयर लेकर `बीच` से लौट रहा था और वहाँ खोई हुई आत्माओं की तलाश में सड़क पर दो बंधु घूम रहे थे। वे मेरे पास आए और उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं ईसाई हूँ। मैंने कहा, हाँ मैं ईसाई हूँ। उन्होंने मुझसे पूछा, "क्या आप सभी धर्मादेशों का पालन कर रहे हैं?" मैंने कहा, "नहीं।" उन्होंने मुझसे कहा कि मेरी आत्मा पर जो पाप हैं वह मुझे जलते हुए नरक में ले जाएँगे। मुझे यह बात ऐसे याद है जैसे यह कल की ही बात हो। उन्होंने मुझ से सेवा में चलने के लिए कहा और मैं उनके साथ सेवा में चला गया।

सेवा एक छोटे से घर में की जा रही थी - वहाँ कुछ भी फैंसी नहीं था। मैंने अपना जीवन पुन: प्रभु को समर्पित कर दिया। सेवा के बाद मैने बहुत स्वच्छ महसूस हुआ। इस मिनिस्ट्री के बारे में सबसे अच्छी बात यह

## जाम्बिया

प्रिय भाईयो,

हमारे जल्द ही आने वाले मसीहा यीशु मसीह के अद्भुत नाम पर आपका अभिवादन। मैं, मेरा परिवार, हमारा समूह ठीक प्रकार से हैं। मैं प्रार्थनापूर्वक आशा करता हूँ कि आप ठीक होंगे। मैं पास्टर टोनी अलामो के अच्छे स्वास्थ्य के लिए, और ईश्वर द्वारा उनकी सुरक्षा किए जाने के लिए प्रार्थना करता हूँ। आपका भेजा गया पैकेट मुझे शुक्रवार को मिल गया है। आपके समर्थन के लिए धन्यवाद।

ईसा मसीह सैद्धांतिक और व्यावहारिक, दोनों ईसाई धर्म की प्रेरणा हैं। पवित्रीकरण और औचित्य के सही ज्ञान के लिए मसीह के सही ज्ञान की जानकारी होना जरुरी है।

यीशु का नाम ही एकमात्र नाम है जिसके माध्यम से हम अनन्त महिमा के प्रवेशद्वार में प्रवेश पा सकते हैं। यदि हम अपने स्वयं के नाम के साथ उस प्रवेशद्वार पर आते हैं, तो हम खो जाएँगे; हमें प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी; हम व्यर्थ में उस दरवाजे को खटखटाते रहेंगे। यदि हम यीशु के नाम के साथ आते हैं, तो यह एक पासपोर्ट के समान होगा और हमें प्रवेश मिल जाएगा और हम वहाँ रह सकेंगे। ईसा मसीह के खून का निशान ही एकमात्र वह निशान है जो हमें विनाश से बचा सकता है।

रविवार को, मैंने चिन्गाला डिस्ट्रिक्ट में बाइबल वे मिनिस्ट्रीज में प्रवचन दिया। मैंने यहोशू 1:1-9 के अनुसार संदेश दिया, "मजबूत और साहसी बनो"। धर्म सभा प्रवचन सुनने के लिए उत्सुक थी। सेवा के बाद, मैंने तीन स्थानों की चार चर्चों के पास्टर अलामो का गोस्पल साहित्य वितरित किया। पास्टर गोस्पल साहित्य पाकर बहुत खुश थे, जिसमें यीशु मसीह के माध्यम से मोक्ष की योजना दी गई है।

इसी बीच, पास्टर लज़ारोउस कुलुलु, नगोसा फार्म नामक स्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रवचन देने के लिए गए, जहाँ पर बाइबल वे मिनिस्ट्रीज की एक और चर्च स्थित है। उन्होंने वहाँ गॉस्पल साहित्य वितरित किया, जिसकी बहुत माँग है। यदि प्रभु संसाधन उपलब्ध कराते हैं, तो सोलवेज़ी रोड के साथ स्थित चर्चों की सहायता के लिए और अधिक गोस्पल साहित्य भेजने की कृपा करें।

मैं हमेशा आपके समर्थन की सराहना करता हूँ। आपके गोस्पल साहित्य के माध्यम से कई आत्माओं को जीता गया है।

अंत में, धर्म सभा को मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएँ। मैं प्रार्थना करता हूँ कि मुझे शीघ्र ही आपका जवाब मिलेगा।

क्राइस्ट में आपका सह-कर्मी,

इसोन पोलेनी कॉपरबेल्ट, ज़ाम्बिया

P.S.:मैं शेष गोस्पल साहित्य को पास्टर मोरल मुसोन्डा के पास ले गया, जो वुस्किले और चाम्बोली टाउनशिपों में सुसमाचार का प्रचार कर रहे हैं। यह क्राइस्ट के लिए अधिक आत्माओं को जीत रहा है।

थी कि उन्होंने मुझसे कहा कि मैं रहने के लिए मिनिस्ट्री में आ सकता हूँ और मिनिस्ट्री द्वारा मेरी सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा। प्रभु जानता था कि मुझे ऐसे ही चर्च का माहौल चाहिए था, क्योंकि मैं ऐसे अनेक लोगों जैसा हूँगा जो पापी की प्रार्थना गाते और वे फिर अपने रास्ते पर लौट जाते और पाप में पड़ जाते थे।

अप्रैल, 1987 की बात थी। मिनिस्ट्री में उस समय के बाद से, मैं मिनिस्ट्री में कई सेवाओं में जा चुका हूँ, पास्टर अलामो का गोस्पल साहित्य वितरित करने के लिए पूरे देश में जा चुका हूँ। मैंने कई प्रकार के कार्यों के कौशल सीख लिए थे। पास्टर अलामो अच्छा मित्र है और उन्होंने आध्यात्मिक रूप से मेरी काफी मदद की। यह क्रिश्चियन मिनिस्ट्री किसी की भी आत्मा के लिए एक वास्तविक सुरक्षित स्वर्ग के समान है। मैं बहुत खुश हूँ कि प्रभु ने मुझे एक स्थान मुहैया करा दिया है क्योंकि मैं भी उन कई व्यवसाय करने वाले ईसाइयों की तरह होता जो सोचते हैं कि वे स्वर्ग के सही रास्ते पर चल रहे हैं, लेकिन आध्यात्मिक रूप से वे नरक के मार्ग पर चल रहे हैं। मैं प्रभु और पास्टर अलामो और मसीह के शरीर के रूप में मौजूद सभी भाइयों और बहनों का गुणगान करता हूँ और उनके प्रति आभार प्रकट करता हूँ जिन्होंने मेरी सहायता की।

प्रभु का गुणगान करें,
लचलान जॉनसन

## रूस

हेलो,

अपने विश्वासों पर आधारित पत्रक भेजने के लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मैंने इस सब की तुलना बाईबल से की है और यह सच है! अब यह मेरा भी विश्वास है। दुर्भाग्यवश, रूस में विश्वास करना बहुत कठिन है। मैंने आत्माओं की तलाश में कुछ पत्रक वितरित किए, लेकिन मेरा सामना बुरे लोगों से हुआ क्योंकि मैं इस सत्य को साझा करना चाहता था, इसलिए उन्होंने मेरी पिटाई कर दी। काफी समय तक मैं आपके संदेशों का जवाब नहीं दे सका, इसके लिए मुझे क्षमा करें। मैं एक गरीब आदमी हूँ और मेरे पास इंटरनेट कनेक्शन नहीं है। अब यह बहुत मुश्किल है, मेरे पास कोई रोजगार नहीं है और कभी-कभी खाना भी नहीं मिलता। मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि मेरे लिए प्रार्थना करें। मैं जल्द ही आपको पत्र लिखने की कोशिश करूँगा। अभी भी बपतिस्मा के बारे में तथा अपने भावी पत्राचार के बारे में कुछ जानना है।

रूस से आपका मित्र,
मकसिम आर.



*पास्टर के.एस. मनोहर (ऊपर बाएँ और नीचे दाएँ) विशाखापट्टनम, आँध्र प्रदेश, भारत में पास्टर टोनी अलामो का आत्मा जीतने वाला साहित्य वितरित करते हुए।*



## कीनिया

प्रिय इंजीलवादी टोनी अलामो,

मैं ईश्वर का धन्यवाद करता हूँ कि मुझे आपका प्रसारण मिल गया। मैंने आपके कार्यक्रम से बहुत कुछ सीखा है। आप जीने और प्यार करने के तरीके के बारे में और स्वास्थ्य तथा परिवार के बारे में गंभीर बाते बताते हैं।

प्रभु ने मुझे और मेरे परिवार को और मेरे माता पिता को बचाने के लिए आप का इस्तेमाल किया है। मुझे कुछ उपयोगी ईसाई साहित्य भेजें।

उनके पवित्र नाम में,
साइमन न्गुगी न्यहुरुरु, कीनिया

## क्यूबा

*स्पेनिश भाषा से अनुवादित*

प्रिय भाई पास्टर अलामो,

मैं चाहता हूँ कि ईश्वर आपके दिल की कामनाएँ पूरी करें। आपको नया साल मुबारक हो! पास्टर, मैं आपका बहुत आभारी हूँ क्योंकि अंतत: मुझे वे सीडी और “टोनी अलामो” टी-शर्ट प्राप्त हो गई है जिनके लिए मैंने अनुरोध किया था। इससे मुझे बहुत खुशी महसूस हुई। पास्टर, कई लोगों ने आपका न्यूज़लेटर और मसीहा नामक पुस्तक मिली है। इनसे बहुत से लोग प्रभावित हुए हैं, उन्हें यीशु मसीह के बारे में एक स्पष्ट और व्यापक जानकारी प्राप्त हुई है। आपके न्यूजलेटर के बारे में कई लोगों ने खुशी प्रकट की और कई आत्माओं के जीवन में खुशी भर दी है। हमें इंजील का प्रचार करने के लिए अधिक समय और अधिक स्वतंत्रता की आवश्यकता है, लेकिन हम वही करेंगे जो ईश्वर हमें बताएगा।

पास्टर हम आप सभी के लिए प्रार्थना करते रहते हैं। होश न खोएँ। आगे बढ़ें। ईश्वर हमें प्यार करता है। “सचेत हो, जागते रहो; क्योंकि तुम्हारा विरोधी शैतान गर्जने वाले सिंह की तरह इस खोज में रहता है कि किस को मार कर खाया जाए: विश्वास में दृढ़ होकर और यह जानकर उसका सामना करो कि तुम्हारे भाई जो संसार में हैं, ऐसे ही दु:ख भोग रहे हैं” (1 पतरस 5:8-9)। मैं आप सभी को बहुत अधिक प्यार करता हूँ!!

शुभकामनाएँ!
डाइए मेडलेइडस हवाना, क्यूबा

## फिलीपिन्स

मेरी यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आपका धन्यवाद। मेरी आध्यात्मिक आवश्यकताएँ पूरा करने में आपके कार्यक्रम ने बड़ी भूमिका निभाई है। आपके आशा भरे संदेशों ने मुझे आराम और आश्वासन दिया और बाधाओं के बावजूद मुझे आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया है। कई बार ऐसे मौके आए जब मैं उम्मीद छोड़ देना चाहता था। लेकिन आपके संदेश हमेशा मेरे मस्तिष्क में चलते रहे कि यदि मैं अपने प्रभु में विश्वास रखूँगा तो ये सब बातें गुजर जाएँगी।

आपका धन्यवाद और आत्माओं की रक्षा करने के अपने महान कार्य को जारी रखें।

आपका,
Jजोसलायन ओगयोन क्वेज़ोन सिटी, फिलिपीन्स

## ऊपर स्वर्ग में आश्चर्य और नीचे जमीन पर निशान

*(पृष्ठ 5 से जारी )*

जी सकें? यदि आपकी ऐसी इच्छा है तो यह प्रार्थना करें:

**मेरे मालिक और मेरे ईश्वर मेरी पापी आत्मा पर दया करो।[9] मैं मानता हूँ कि यीशु जीवित ईश्वर के पुत्र हैं।[10] मैं मानता हूँ कि वे क्रॉस पर मारे गए और उन्होंने अपना बहुमूल्य रक्त मेरे पिछले सभी पापों से क्षमा करने के लिए बहाया है।[11] मैं मानता हूँ कि ईश्वर ने यीशु को प्रवित्र आत्मा की शक्ति से जीवित किया है[12] और वे मेरे पापों की स्वीकारोक्ति और इस प्रार्थना को सुनने के लिए ईश्वर के दाईं ओर बैठे हैं।[13] हे प्रभु यीशु मैं अपने दिल के दरवाजे खोलता हूँ और आपको अपने दिल में आमंत्रित करता हूँ।[14] कैलवरी में क्रॉस पर आपने मेरी जगह जो बहुमूल्य खून बहाया था उससे मेरे सभी कुत्सित पापों को धो दो।[15] प्रभु यीशु आप मुझे इनकार नहीं कर सकते; आप मेरे पापों के लिए मुझे माफ कर देंगे और मेरी आत्मा की रक्षा करेंगे। मुझे मालूम है क्योंकि आपके वचन अर्थात् बाइबल में ऐसा कहा गया है।[16] आपके वचन कहते हैं कि आप किसी को मना नहीं करेंगे और उनमें मैं भी शामिल हूँ।[17] इसलिए, मैं जानता हूँ कि आपने मेरी बात सुन ली है, और मैं यह भी जानता हूँ कि आपने मुझे जवाब दिया है, मुझे यह भी मालूम है कि मुझे बचा लिया गया है।[18] अपनी आत्मा की रक्षा के लिए प्रभु यीशु मैं आपका धन्यवाद करता हूँ और मैं आपके आदेशानुसार तथा आगे से कोई पाप न करके आपके प्रति कृतज्ञता प्रकट करूंगा।[19]**

और अब जबकि तुझे बचा लिया गया है, अपने पूरे दिल, आत्मा, मस्तिष्क और ताकत से ईश्वर की सेवा कर (मरकुस 12:30)।

मोक्ष के बाद यीशु कथित रूप सेबपतिस्मा हुए, पिता और पुत्र, और पवित्र आत्मा के नाम पर पूरी तरह से पानी में डुबकी लगाई (मरकुस 12:30)[20] बाईबल सोसाइटी ऑफ़ इंडिया द्वारा प्रकाशित बाइबल (10W 0055/2004/17M PL) (अंग्रेजी - किंग जेम्स संस्करण) का अध्ययन करें, और अपने मृत्यु के दिन तक वही करें जो कुछ बाइबल में कहा गया है।[21]

जैसाकि यीशु चाहते हैं, आत्मा के विजेता बनें। आप पास्टर टोनी अलामो गोस्पल साहित्य के वितरक बनकर ऐसा कर सकते हैं। हम कई भाषाओं में पास्टर अलामो का साहित्य छापते हैं और हम दुनियाभर में इसे भेजते हैं। हम कागज और छपाई पर लाखों डॉलर खर्च करते हैं, अतः हमें आपकी प्रार्थनाएँ और वित्तीय सहायता की आवश्यकता है। यदि आप यीशु की आज्ञाओं के अनुसार दुनिया को बचाना चाहते हैं, तो ईश्वर को अपना दशमांश और प्रसाद अर्पित करें। ईश्वर ने कहा है, “क्या कोई आदमी ईश्वर को लूट सकता है? फिर भी तुमने मुझे लूटा है। लेकिन तुम कहते हो हमने आपको कब लूटा? क्या दशमांश और प्रसाद में? तुम एक अभिशाप से अभिशप्त हो: क्योंकि तुमने मुझे, यहाँ तक कि इस पूरे राष्ट्र [और इस पूरी दुनिया] को लूटा है। तुम अपना सभी दशमांश [एक ‘दशमांश’ का अर्थ है आपकी सकल आय का 10%] स्टोरहाउस में लेकर आओ, यह कि मेरे घर में मांस [धार्मिक आहार] हो सकता है [रक्षित आत्माएँ], मेजबानों के लार्ड कहते हैं कि अभी सिद्ध करो, यदि मैं तुम्हारे लिए स्वर्ग की खिड़की न खोल दूँ और तुम पर अपना इतना आशीर्वाद न बरसा दूँ कि तुम्हारे पास इसे धारण करने का स्थान भी न हो। मेजबानों के लार्ड कहते हैं कि मैं तुम्हारी भलाई के लिए भक्षक को फटकार लगा दूँगा, वह तुम्हारी जमीन के फलों को नष्ट नहीं करेगा; न ही तुम्हारी बेल समय से पहले फल देगी। मेजबानों के प्रभु कहते हैं कि सभी राष्ट्र तुम्हें धन्य कहेंगे: क्योंकि तुम्हारी जमीन खुशहाल होगी” (मलाकी 3:8-12)।

---

**9** भजन संहिता 51:5, रोमियों 3:10-12, 23 **10** मत्ती 26:63-64, 27:54, लूका 1:30-33, युहन्ना 9:35-37, रोमियों 1:3-4 **11** प्रेरितों के काम 4:12, 20:28, रोमियों 3:25, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशित वाक्य 5:9 **12** भजन संहिता 16:9-10, मत्ती 28:5-7, मरकुस 16:9, 12, 14, युहन्ना 2:19, 21, 10:17-18, 11:25, प्रेरितों के काम 2:24, 3:15, रोमियों 8:11, 1 कुरिन्थियों 15:3-7 **13** लूका 22:69, प्रेरितों के काम 2:25-36, इब्रानियों 10:12-13 **14** 1 कुरिन्थियों 3:16, प्रकाशित वाक्य 3:20 **15** इफिसियों 2:13-22, इब्रानियों 9:22, 13:12, 20-21, 1 युहन्ना 1:7, प्रकाशित वाक्य 1:5, 7:14 **16** मत्ती 26:28, प्रेरितों के काम 2:21, 4:12, इफिसियों 1:7, कुलुस्सियों 1:14 **17** मत्ती 21:22, युहन्ना 6:35, 37-40, रोमियों 10:13 **18** इब्रानियों 11:6 **19** युहन्ना 5:14, 8:11, रोमियों 6:4, 1 कुरिन्थियों 15:10, प्रकाशित वाक्य 7:14, 22:14 **20** व्यवस्थाविवरण 4:29, 6:5, 10:12, 11:13, 13:3-4, 26:16, 30:6, यहोशू 22:5, मत्ती 22:37-40, मरकुस 12:29-31, लूका 10:27 **21** व्यवस्थाविवरण 4:29, 13:4, 26:16, यहोशू 1:8, 22:5, 2 टिमोथी 2:15, 3:14-17, याकूब 1:22-25, प्रकाशित वाक्य 3:18

*अधिक जानकारी के लिए अथवा रूचि के विषय के अन्य साहित्य के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।*

**Tony Alamo, World Pastor, Tony Alamo Christian Ministries Worldwide • P.O. Box 2948, Hollywood, CA 90078**
**चौबीस घंटे की प्रार्थना और सूचना लाइन: (661) 252-5686 • Fax (661) 252-4362**
**www.alamoministries.com • info@alamoministries.com**

*टोनी अलामो क्रिश्चियन मिनिस्ट्रीज वर्ल्डवाइड उन सभी के लिए अपने अमेरिकी स्थानों पर एक ऐसी जगह उपलब्ध कराता है जहाँ जीने के लिए सभी आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध हैं जो अपने संपूर्ण हृदय, आत्मा, मन और शक्ति के साथ प्रभु की सेवा करना चाहते हैं।*

**प्रतिदिन सायं 8 बजे और रविवार दोपहर 3 बजे एवं सायं 8 बजे इन स्थानों पर सेवाएं होती हैं: Angeles area Church: 13136 Sierra Hwy., Santa Clarita, CA 91390, (661) 251-9424**

**प्रतिदिन सायं 6:30 बजे और रविवार दोपहर 1:30 बजे तथा सायं 6:30 बजे Hollywood Blvd. & Highland Ave., Hollywood, CA से आने-जाने की नि:शुल्क यातायात सेवा मुहैया कराई जाती है।**

**न्यू यार्क सिटी में प्रत्येक मंगलवार सायं 8 बजे और अन्य स्थानों पर सेवाएं रातें को होती हैं। सूचना के लिए कृपया (908) 937-5723 कॉल करें। प्रत्येक सेवा के बाद भोजन परोसा जाता है।**

पास्टर अलामो की पुस्तक, दी मसीहा, माँगें जिसमें क्राइस्ट को ओल्ड टेस्टा मेंट से 333 से अधिक भविष्यवाणियों में प्रकट किया गया है।

*पास्टर अलामो के साहित्य के वितरक बनकर आत्माओं की खेती में एक श्रमिक का काम करें।*

*हमारे साहित्य और ऑडियो संदेश शिपिंग शुल्क सहित नि:शुल्क हैं।*

*इनके लिए आपसे शुल्क माँगे जाने पर कृपया (661) 252-5686 (कलैक्ट) पर फोन करें।*

**इस साहित्य में मोक्ष की असली जानकारी दी गई है (एक्ट्स सी 4:12)।**

**इसे फैंके नहीं, इसे किसी और को दे दें।**

**आप में से जो अन्य देशों में रहते हैं, हम आपसे इस साहित्य को अपनी भाषा में अनुवादित करने का अनुरोध करते हैं। यदि आप इसका पुन:मुद्रण करते हैं तो कृपया निम्नलिखित कॉपीराइट और पंजीकरण शामिल करें:**

© कॉपीराइट 2013, 2014 सभी अधिकार पास्टर टोनी अलामो के पास सुरक्षित हैं ® पंजीकृत 2013, 2014

HINDI—*Volume 17600—Wonders In Heaven and Signs on the Earth*